ARUN KUMAR MISHRA
IAS

सत्यमेव जयते

District Magistrate (East)
Govt. Of NCT of Delhi
L. M. Bundh, Shastri Nagar, Delhi-1100313
Phone : (O) 011-22421656 Fax : 21210848
Email : dceast@nic.in

D.O. NO. PA/DM(E)/2020/

Date : 8.10.20

प्रिय मित्र,

जैसा की आप जानते हैं, हम पिछले सौ वर्षो की सबसे बड़ी वैश्विक महामारी COVID-19 से सफलता पूर्वक मुकाबला कर रहे हैं। अभी तक, इस बेहद संक्रामक बीमारी का कोई निश्चित इलाज नहीं खोजा जा सका है, अतः इससे बचना ही सबसे अच्छा इलाज है। अभी तक आपके सहयोग एवम अनुशासित व्यवहार से हम इस संक्रामक बीमारी की मारकता को रोक पाए हैं। आपने अभी तक, मास्क पहनकर, दो गज की दुरी बना कर तथा बार-बार साबुन से हाथ धोकर इसका प्रसार रोक रखा है। इस चुनौती पूर्ण समय में हमारे युवा वर्ग से, विशेष रूप से अपेक्षित है कि न केवल वे अपना ध्यान रखें वरन यह भी सुनिश्चित करें कि उनके द्वारा यह बीमारी घर में न पहुंचे और न ही बड़े बुजुर्गों को COVID-19 का संक्रमण हो |

आपका सहयोग और आत्मानुशासन उत्सवों के इस समय में, अत्यधिक महत्वपूर्ण है| हमारा त्यौहारों के दौर में उत्साह बना रहे, घर में कोई बीमार न हो, इसके लिए जरुरी है कि दो गज की दुरी बनाये रखें, चेहरे पर मास्क पहनें, बार बार हाथों को साबुन/एल्कोहल युक्त सैनेटाइजर से धोएं तथा भीड़ भाड़ वाले स्थानों से बचें।

उपरोक्त प्रयासों से न केवल आप एवम परिवार स्वस्थ रहेगा, वरन आपका अच्छा स्वास्थ्य देश की बहुमूल्य मदद भी करेगा |

सादर,

(अरुण कुमार मिश्रा)